<u>समाचार</u>

# विकास कार्यो में गति लाएं, समयसीमा में कार्यो को पूरा करें–आयुक्त

(आयुक्त श्री रणबीर शर्मा ने समयसीमा की बैठक में की निगम के कामकाज की समीक्षा, अधिकारियों को कार्यो की बेहतरी के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश)




कोरबा 28 नवम्बर 2017 –आयुक्त श्री रणबीर शर्मा ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के अधिकारियों को निर्देश करते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र में किए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की कार्य प्रगति में आवश्यक तेजी लाएं तथा निर्धारित समयसीमा में कार्यो को पूरा करें। यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि विकास कार्यो की कार्यप्रक्रिया में अनावश्यक रूप से विलम्ब न हों, निगम द्वारा आमजन को दी जा रही सुविधाओं व सेवाओं में लापरवाही न दिखे, साथ ही इनकी और अधिक बेहतरी हेतु आवश्यक कदम उठाएं जाएं।

उक्ताशय के निर्देश आयुक्त श्री शर्मा ने निगम कार्यालय में आयोजित समयसीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए। नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में समयसीमा की बैठक आयोजित की गई, यह बैठक प्रत्येक मंगलवार शाम 4 बजे निर्धारित है। बैठक में आयुक्त श्री रणबीर शर्मा ने निगम के विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो की कार्य प्रगति तथा निगम प्रदत्त नागरिक सुविधाओं व सेवाओं से संबंधित कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की, उन्होने वार्डो में किए जा रहे निर्माण कार्यो की वार्ड व जोनवार समीक्षा करते हुए कार्यो में अपेक्षित गति लाने, गुणवत्ता पर विशेष नजर रखने, संपादित किए जा रहे कार्यो की नियमित रूप से मानीटरिंग करने, प्रक्रिया में अनावश्यक विलम्ब न होने तथा समयसीमा में कार्यो को पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>शासकीय योजनाओं के कार्यो की समीक्षा</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने सांसद मद, विधायक मद, प्रभारी मंत्री मद, पार्षद मद, सरगुजा उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण, अधोसंरचना मद, प्रधानमंत्री आवास योजना, जिला खनिज न्यास, वित्त आयोग, अमृत मिशन आदि योजनाओं एवं मदों के अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की जोनवार व वार्डवार विस्तार से समीक्षा की। आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की कार्यप्रगति की जानकारी लेते हुए भवनों के निर्माण कार्य में त्वरित गति लाने तथा प्रस्तावित आंगनबाड़ी भवनों की कार्यप्रक्रिया को यथाशीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए। मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण, मानस नगर ढेगुरनाला सड़क निर्माण, कुष्ठ पीड़ितों के लिए आवास निर्माण, सामुदायिक भवनों के निर्माण, उपस्वास्थ्य केन्द्र भवनों के निर्माण, बस स्टाप निर्माण, सड़क, नाली, पेविंग संबंधी निर्माण कार्य, अमृत मिशन के तहत कोरबा पश्चिम क्षेत्र में पेयजल आवर्धन योजना भाग–2 के अंतर्गत किए जा रहे कार्यो सहित अन्य विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की तथा समुचित दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

<u>समयसीमा के प्रकरणों का त्वरित निराकरण हो</u>– आयुक्त श्री शर्मा ने कलेक्ट्रेट से प्राप्त समयसीमा के प्रकरणों का समयसीमा के अंतर्गत निराकरण करने के कड़े निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने मुख्यमंत्री सचिवालय, जनदर्शन, शासन से आए पत्रों निर्देशों पर त्वरित आवश्यक कार्यवाही करने समयसीमा में इनका निराकरण करने तथा इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने के कड़े निर्देश दिए, उन्होने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि इन प्रकरणों पर उदासीनता क्षम्य नहीं होगी।

<u>साफ–सफाई व्यवस्था चुस्त–दुरूस्त करें</u>– आयुक्त श्री शर्मा ने निगम प्रदत्त मूलभूत सुविधाओं व सेवाओं की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने नगर की साफ–सफाई व्यवस्था तथा इसके अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यो, पेयजल आपूर्ति से जुड़े कार्यो, सड़क रोशनी व विद्युतीकरण कार्यो की क्रमवार समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होने कहा कि निगम द्वारा आमजनता को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं व निगम प्रदत्त सेवाओं को और अधिक बेहतर स्वरूप दें। नगर की साफ–सफाई व्यवस्था को चुस्त–दुरूस्त करें, नियमित रूप से सफाई कार्यो का संपादन हो, सफाई के पश्चात एकत्रित कचरा स्थल से तुरंत उठाया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। डोर–टू–डोर कचरा संग्रहण के कार्य को विस्तार दें, उपलब्ध संसाधनों का अधिकतम उपयोग करें तथा सफाई कार्यो की निरंतर मानीटरिंग संबंधित अधिकारी व निरीक्षक स्वयं करें।

<u>स्वच्छता एप डाउनलोड करायें</u>– बैठक के दौरान आयुक्त श्री रणबीर शर्मा ने अधिकारियों व अभियंताओं से कहा कि 04 जनवरी 2018 से स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य होना है, इसके साथ ही स्वच्छता एप के माध्यम से शिकायतों के निराकरण आदि संबंधित रैंकिंग वर्तमान में चालू है, अपना कोरबा शहर रैंकिंग में सम्मानजनक स्थान में रहे, इस हेतु आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा लोग स्वच्छता एप डाउनलोड करें तथा इस एप के माध्यम से अपनी स्वच्छता शिकायतें भेजकर उनका निराकरण पायें, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अधिकारी कर्मचारीगण अपने–अपने कार्य क्षेत्रों में कार्य के दौरान संपर्क में आने वाले आमनागरिकों के मोबाईल में स्वच्छता एप डाउनलोड करने के लिए उनसे आग्रह करें तथा डाउनलोड की प्रक्रिया बताकर डाउनलोड में अपनी सहभागिता दें तथा आमजन से अपील करें कि वे इस एप के माध्यम से अपनी स्वच्छता शिकायतें भेंजे एवं समस्या का निराकरण प्राप्त करें। उन्होने कहा कि जितनी ज्यादा संख्या में स्वच्छता एप डाउनलोड होंगे, उतना ही अधिक सहयोग कोरबा शहर की बेहतर रैंकिंग के लिए मिलेगा।